# 1. भाषा और व्याकरण

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) भाषा किसे कहते हैं?**

अपने भावों और विचारों को एक-दूसरे तक पहुँचाना ही भाषा है।

**(ख) भाषा के कितने रूप हैं? उनके उदाहरण भी दीजिए।**

भाषा के दो रूप हैं – 1. मौखिक 2. लिखित

मौखिक भाषा – रेडियो से समाचार सुनना।

लिखित भाषा – समाचार-पत्र पढ़ना।

**(ग) लिपि से आप क्या समझते हैं?**

भाषा में मौखिक ध्वनियों को लिखित रूप देने के लिए चिह्न निश्चित किए जाते हैं। इन्हीं चिह्नों को लिपि कहते हैं।

**(घ) व्याकरण किसे कहते हैं?**

वह शास्त्र जो हमें शुद्ध भाषा बोलना और लिखना सिखाता है, उसे व्याकरण कहते हैं।

**2. भाषाओं को उनकी लिपियों से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) हिंदी | रोमन |
| (ख) अंग्रेज़ी | गुरमुखी |
| (ग) पंजाबी | अरबी-फ़ारसी |
| (घ) उर्दू | देवनागरी |

**3. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों में भरिए।**

लिखित मौखिक लिपि हिंदी शब्द विचार

(क) **हिंदी** हमारी राजभाषा है।

(ख) गाना सुनना **मौखिक** भाषा में आता है।

(ग) **लिपि** भाषा को लिखने की एक पद्धति है।

(घ) अखबार, पुस्तकें, पत्र आदि **लिखित** भाषा के उदाहरण हैं।

(ङ) **शब्द विचार** में शब्दों और उनके भेदों पर विचार होता है।

4. चित्र देखिए और इनकी भाषा तथा राज्य का नाम लिखिए।


तमिल – तमिलनाडु


बांग्ला – बंगाल


पंजाबी – पंजाब

# 2. वर्ण विचार

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) वर्ण किसे कहते हैं? वर्णों के कितने भेद हैं?**

वर्ण भाषा के वे ध्वनि चिह्न हैं, जिनके और टुकड़े नहीं हो सकते। वर्ण दो प्रकार के होते हैं – स्वर और व्यंजन।

**(ख) स्वर और व्यंजन में अंतर बताइए।**

स्वर को बोलने में किसी दूसरी ध्वनि की सहायता नहीं ली जाती। जबकि व्यंजनों को बोलते समय स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है। हिंदी में स्वरों की संख्या ग्यारह और व्यंजनों की संख्या तैंतीस है।

**(ग) संयुक्ताक्षर और द्‌वित्व व्यंजन में क्या अंतर है?**

संयुक्ताक्षर में दो भिन्न व्यंजनों को मिलाकर लिखा जाता है तथा द्‌वित्व व्यंजन में दो समान व्यंजनों को मिलाकर लिखा जाता है।

**(घ) वर्ण-विच्छेद किसे कहते हैं?**

किसी शब्द के वर्णों को अलग-अलग करके लिखना, वर्ण-विच्छेद कहलाता है।

**2. शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार (ं) अथवा अनुनासिक (ँ) लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कंगन | साँप | कुआँ | बंदर | खाँसी |
| बंदूक | चाँदनी | मंदिर | रंग | अँधेरा |
| अँगीठी | संतरा | ऊँट | आँगन | चाँदी |

**3. संयुक्त व्यंजन, संयुक्ताक्षर और द्‌वित्व व्यंजन वाले तीन-तीन शब्द लिखिए।**

**संयुक्त व्यंजन –** कक्षा, त्रिशूल, परिश्रम।

**संयुक्ताक्षर –** ध्यान, भक्ति, शक्ति।

**द्‌वित्व व्यंजन –** कुत्ता, गत्ता, धब्बा।

**4. 'र' के अलग-अलग रूपों के शब्दों को उचित स्थान पर लिखिए।**

करनी पर्व धर्म डगर ट्रेन रेत ट्रक प्रदीप
रात धैर्य भ्रमण ड्राइंग आशीर्वाद उम्र द्रव ड्रम

| र | ्र | र्‍ | ्र |
|---|---|---|---|
| करनी | प्रदीप | पर्व | ट्रेन |
| डगर | भ्रमण | धर्म | ट्रक |
| रेत | उम्र | धैर्य | ड्रम |
| रात | द्रव | आशीर्वाद | ड्राइंग |

**5. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।**


(क) गिलास – ग् + इ + ल् + आ + स् + अ
(ख) कलश – क् + अ + ल् + अ + श् + अ
(ग) सूर्य – स् + ऊ + र् + य् + अ
(घ) आँगन – आँ + ग् + अ + न् + अ
(ङ) रिक्शा – र् + इ + क् + श् + आ

**6. चित्र को ध्यान से देखिए और इसमें आए अनुस्वार, अनुनासिक, द्वित्व व्यंजन तथा संयुक्ताक्षर वाले शब्दों के चित्र का नाम लिखिए।**



**अनुस्वार** – घंटी, मंदिर, बंदर
**अनुनासिक** – कुआँ, साँप
**द्वित्व व्यंजन** – गुब्बारे, बच्चा, कुत्ता
**संयुक्ताक्षर** – बस्ता, वस्त्र

**7. नीचे दी गई पंक्तियों में आए द्वित्व व्यंजनों को रेखांकित कीजिए।**



चूहा बोला चुहिया से–
मैं जाता हूँ तुम सो जाओ,
लगाकर दरवाज़े पर किल्ली।
आज़ादी का जश्न देखने,
मैं जाता हूँ दिल्ली।
चुहिया बोली–
दिल्ली से लाना मक्का और मुरब्बा,
खाएँगे सब मिलकर, खूब मचाएँगे हल्ला-गुल्ला।

# 3. शब्द-रचना

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) शब्द किसे कहते हैं?**

वर्णों का वह समूह जिसका एक निश्चित अर्थ हो, शब्द कहलाता है।

**(ख) शब्दों को किन आधारों पर बाँटा जाता है?**

शब्दों को निम्न आधारों पर बाँटा जाता है–

1. उत्पत्ति के आधार पर
2. अर्थ के आधार पर
3. प्रयोग के आधार पर

**(ग) अर्थ के आधार पर शब्दों के प्रकार बताइए।**

अर्थ के आधार पर शब्दों के प्रकार हैं– सार्थक शब्द (पर्यायवाची, विलोम, एकार्थी अनेकार्थी आदि) तथा निरर्थक शब्द

**(घ) विकारी और अविकारी शब्दों में क्या अंतर है?**

विकारी शब्दों का रूप लिंग, वचन और काल के कारण बदल जाता है। हिंदी में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण विकारी शब्द हैं। अविकारी शब्दों में किसी भी कारण बदलाव नहीं आता। हिंदी में क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक तथा विस्मयादिबोधक अविकारी शब्द हैं।

**2. दिए गए शब्दों का तत्सम रूप लिखिए।**

(क) दूध – दुग्ध

(ख) हाथ – हस्त

(ग) सूरज – सूर्य

(घ) आम – आम्र

**3. दिए गए शब्दों का तद्भव रूप लिखिए।**

(क) दधि – दही

(ख) दंत – दाँत

(ग) ग्राम – गाँव

(घ) मयूर – मोर

**4. सही उत्तर पर (✓) लगाइए।**

(क) उत्पत्ति के आधार पर शब्द का भेद है –

(i) देशज ☑ (ii) विकारी ☐ (iii) अनेकार्थी ☐

(ख) कौन-सा शब्द विदेशी है?

(i) डॉक्टर ☑ (ii) थाली ☐ (iii) रज़ाई ☐

(ग) 'क्रियाविशेषण' किस प्रकार के शब्द होते हैं?

(i) एकार्थी ☐ (ii) अविकारी ☑ (iii) विकारी ☐

(घ) तत्सम शब्द का उदाहरण है –

(i) दधि ☑ (ii) घी ☐ (iii) आँख ☐

**5. सार्थक और निरर्थक शब्दों को अलग कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खाना | वोटी | वानी | बारिश |
| भूख | वड़का | वछली | लड़का |

(क) **सार्थक** – खाना, बारिश, भूख, लड़का

(ख) **निरर्थक** – वोटी, वानी, वड़का, वछली

**6. वर्ग पहेली में से तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी शब्द छाँटकर लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| म | स्त | क | म | रा |
| फ़ौ | ज | बू | लो | दं |
| ह | स्त | त | टा | त |
| डॉ | क्ट | र | ज़ा | ई |
| सा | बु | न | दी | प |

| तत्सम | तद्भव | देशज | विदेशी |
|---|---|---|---|
| मस्तक | कमरा | लोटा | डॉक्टर |
| हस्त | कबूतर | रज़ाई | साबुन |
| दंत | नदी | दीप | फ़ौज |

# 4. संज्ञा

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए।**

किसी व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान अथवा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे – शालू, कार, प्रीत विहार, दया आदि।

**(ख) संज्ञा के भेदों के नाम बताइए।**

संज्ञा के तीन भेद हैं– 1. व्यक्तिवाचक 2. जातिवाचक 3. भाववाचक

**(ग) व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञा में क्या अंतर है?**

व्यक्तिवाचक संज्ञा में किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु अथवा स्थान के नाम का बोध होता है। तथा जातिवाचक संज्ञा में किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान अथवा प्राणी की पूरी जाति का बोध होता है।

**(घ) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं?**

व्यक्ति, वस्तु, प्राणी, स्थान आदि के गुण-दोष, दशा या भाव का बोध कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं।

**2. जातिवाचक संज्ञाओं के सामने उनकी एक व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | नदी | गंगा | (ख) | खिलाड़ी | विराट कोहली |
| (ग) | पर्वत | हिमालय | (घ) | स्थान | दिल्ली |
| (ङ) | देश | भारत | (च) | खेल | हॉकी |
| (छ) | फल | आम | (ज) | इमारत | कुतुबमीनार |

**3. भाववाचक संज्ञाओं को पहचानकर उन पर गोला लगाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खुशी | मिठाई | मेज़ | वीरता | कपड़ा | बचपन |
| देवता | मित्रता | पशु | पुरुष | उदासी | शेर |
| पानी | हिंसा | हरियाली | अच्छाई | मैसूर | बूढ़ा |

**4. वाक्यों में संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए।**

(क) हमारे अध्यापक ने आज कहानी सुनाई। — अध्यापक, कहानी
(ख) हमारे देश का झंडा तिरंगा है। — देश, झंडा
(ग) शालू की गुड़िया खो गई। — शालू, गुड़िया
(घ) सेना बहुत वीरता से लड़ी। — सेना, वीरता
(ङ) कुतुबमीनार दिल्ली में है। — कुतुबमीनार, दिल्ली
(च) बारिश बहुत तेज़ थी। — बारिश

**5. सही उत्तर पर (✓) लगाइए।**

(क) 'ऊँचा' शब्द से बनी भाववाचक संज्ञा है –

(i) उच्चता ☐ (ii) ऊँचाई ☑ (iii) उच्च ☐

(ख) 'हम पिकनिक पर कुतुबमीनार गए।' कुतुबमीनार कौन-सी संज्ञा है?

(i) व्यक्तिवाचक ☑ (ii) जातिवाचक ☐ (iii) भाववाचक ☐

(ग) इनमें से जातिवाचक संज्ञा है –

(i) जापान ☐ (ii) फल ☑ (iii) मित्रता ☐

(घ) 'नाव' शब्द कौन-सी संज्ञा है?

(i) व्यक्तिवाचक ☐ (ii) भाववाचक ☐ (iii) जातिवाचक ☑

**6. सही संज्ञा शब्द भरकर कहानी पूरी कीजिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बच्चा | गिलहरी | खरगोश | तोता | जंगल |
| पत्ते | भोजन | पशु-पक्षी | माता-पिता | |

एक **जंगल** में अनेक **पशु-पक्षी** रहते थे। वहाँ एक **खरगोश** का परिवार भी रहता था। उनका एक **बच्चा** था। उसका नाम था गिल्लू। गिल्लू के **माता-पिता** जब **भोजन** ढूँढ़ने बाहर जाते, तो पड़ोस के पशु-पक्षी उसकी देखभाल करते थे। किट्टी **गिलहरी** उसे हरे **पत्ते** और गाजर खिलाती थी। मिट्ठू **तोता** उसके साथ खेलता था।

रिक्त स्थानों में भरे गए शब्द कौन-सी संज्ञा है? लिखिए– **जातिवाचक संज्ञा**

**7. इस चित्र में दिखाई दे रहे सभी संज्ञा शब्दों के नाम लिखिए।**

चित्र में दिखाई दे रहे संज्ञा शब्दों के नाम हैं– बंदर, अंगूर, खरगोश, हिरन, पत्ते, घास, डाली आदि।



# 5. लिंग

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) व्याकरण में लिंग का क्या अर्थ है?**

व्याकरण में लिंग का अर्थ पहचान होता है। शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष जाति या स्त्री जाति के होने का बोध होता है, उसे लिंग कहते हैं।

**(ख) लिंग के भेदों को उदाहरण के साथ समझाइए।**

लिंग के दो भेद हैं – पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।

**पुल्लिंग** – मोर, माली, नर।

**स्त्रीलिंग** – मोरनी, मालिन, नारी।

**(ग) अप्राणिवाचक शब्दों के लिंग की पहचान कैसे होती है?**

अप्राणिवाचक शब्दों के लिंग की पहचान विशेषण और क्रिया से की जाती है।

**(घ)** नित्य स्त्रीलिंग और नित्य पुल्लिंग प्राणिवाचक शब्दों के तीन-तीन उदाहरण दीजिए।

**नित्य पुल्लिंग** – खरगोश, तोता, चीता।

**नित्य स्त्रीलिंग** – कोयल, चींटी, मक्खी।

**2. लिंग बदलकर लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सेठ | सेठानी | (ख) | नायिका | नायक |
| (ग) | शेरनी | शेर | (घ) | गायक | गायिका |
| (ङ) | कवि | कवयित्री | (च) | नर्तकी | नर्तक |

**3. रंगीन शब्दों का लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | **हिरण** तेज़ दौड़ा। | **हिरणी** तेज़ दौड़ी। |
| (ख) | सोहन के **चाचा** दयालु हैं। | सोहन की **चाची** दयालु हैं। |
| (ग) | **पुजारी** ने आरती की। | **पुजारिन** ने आरती की। |
| (घ) | **युवक** साइकिल से गिर गया। | **युवती** साइकिल से गिर गई। |
| (ङ) | **कवि** ने कविता सुनाई। | **कवयित्री** ने कविता सुनाई। |

**4. रंगीन शब्द स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग? लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | **जनता** महँगाई से परेशान है। | स्त्रीलिंग |
| (ख) | **गंगा** एक पवित्र नदी है। | स्त्रीलिंग |
| (ग) | निशि ने **आँखों** की जाँच करवाई। | स्त्रीलिंग |
| (घ) | **नीम** का पेड़ गुणकारी होता है। | पुल्लिंग |
| (ङ) | **दरी** बिछाकर सो जाओ। | स्त्रीलिंग |

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) चूहा और ____________ बिल्ली को देखकर बिल में घुस गए।

(i) चूही ☐ (ii) चुहिया ☑ (iii) मादा चूहा ☐

(ख) शेर शब्द का स्त्रीलिंग है –

(i) शेरनी ☑ (ii) शेरी ☐ (iii) शेरा ☐

(ग) किस विशेषण से घर शब्द के लिंग की सही पहचान होगी?

(i) सुंदर ☐ (ii) लाल ☐ (iii) बड़ा ☑

**6. दिए गए शब्दों के पुल्लिंग से शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।**

1. बालिका
2. कवयित्री
3. विदुषी
4. भगवती
5. नारी
6. श्रीमती
7. पुजारिन


| | | | |
|---|---|---|---|
| [1] बा | ल | [2] क | [3] वि |
| | | | द्वा |
| [4] भ | ग | वा | [5] न |
| | | | र |
| [6] श्री | मा | न | [7] पु |
| | | | जा |
| | | | री |

**7. चित्र देखिए और इनका विपरीत लिंग लिखिए।**

(क)  कबूतरी

(ख)  मालिन

(ग)  मादा खरगोश

(घ)  मादा कछुआ

# 6. वचन

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) वचन किसे कहते हैं?**

शब्द के जिस रूप से उसकी एक या अनेक संख्या पता चलती है, उसे वचन कहते हैं।

**(ख) वचन के भेदों को उदाहरण के साथ समझाइए।**

वचन के दो भेद हैं – एकवचन तथा बहुवचन

1. **एकवचन –** लड़का, पतंग, पुस्तक।
2. **बहुवचन –** लड़के, पतंगें, पुस्तकें।

**(ग) शब्द का रूप एक जैसा रहने पर उसके वचन की पहचान कैसे की जाती है?**

शब्द का रूप एक जैसा रहने पर उसके वचन की पहचान क्रिया द्वारा की जाती है।

**(घ) आदर प्रकट करने के लिए वचन के किस रूप का प्रयोग करते हैं?**

आदर प्रकट करने के लिए वचन के बहुवचन रूप का प्रयोग करते हैं।

**(ङ) 'अतिथि' शब्द का बहुवचन लिखिए।**

अतिथि शब्द का बहुवचन है– अतिथिगण

**2. वाक्यों में वचन संबंधी गलती ढूँढ़कर वाक्य दोबारा लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | टोकरी में पाँच केला रखे हैं। | टोकरी में पाँच केले रखे हैं। |
| (ख) | गन्ने बहुत मीठा है। | गन्ने बहुत मीठे हैं। |
| (ग) | मुर्गे बाँग दे रहा है। | मुर्गे बाँग दे रहे हैं। |
| (घ) | वे तो चला गया। | वह तो चला गया। |
| (ङ) | इस शहर में अनेक घरें हैं। | इस शहर में अनेक घर हैं। |
| (च) | आज बिजलियाँ नहीं आएगी। | आज बिजली नहीं आएगी। |

**3. एकवचन और बहुवचन शब्दों को अलग-अलग करके लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चाबियाँ | चश्मा | ऋतुएँ | कमरे | बर्फ़ी | छाता | पत्ते | पुस्तक |
| बुढ़िया | सड़कें | चिड़ियाँ | बसें | रास्ता | पंखे | हवा | रात |

**एकवचन** – चश्मा बर्फ़ी छाता पुस्तक बुढ़िया रास्ता हवा रात

**बहुवचन** – चाबियाँ ऋतुएँ कमरे पत्ते सड़कें चिड़ियाँ बसें पंखे

**4. शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | कहानी | कहानियाँ | (ख) | दिशा | दिशाएँ |
| (ग) | पुस्तक | पुस्तकें | (घ) | नाव | नावें |
| (ङ) | छात्र | छात्रगण | (च) | शक्ति | शक्तियाँ |
| (छ) | घंटी | घंटियाँ | (ज) | नदी | नदियाँ |
| (झ) | बच्चा | बच्चे | (ञ) | कक्षा | कक्षाएँ |

**5. सही वाक्य पर ( ✓ ) और गलत वाक्य पर ( ✗ ) लगाइए।**

(क) वचन संख्या का बोध कराते हैं। ✓

(ख) 'कक्षा' शब्द का बहुवचन 'कक्षाँ' होता है। ✗

(ग) आदर के लिए एकवचन का प्रयोग होता है। ✗

(घ) क्रिया से भी वचन की पहचान की जाती है। ✓

(ङ) वचन के चार भेद होते हैं। ✗

**6. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) एकवचन वाला शब्द छाँटिए –

(i) तोते ☐ (ii) गौ ✓ (iii) रातें ☐

(ख) आसमान से ____________ गिर रही है।

(i) बर्फ़ें ☐ (ii) बर्फ़ ✓ (iii) बर्फ़ियाँ ☐

(ग) एकवचन की जगह बहुवचन कब प्रयोग करते हैं?

(i) आदर में ✓ (ii) अपमान में ☐ (iii) प्यार में ☐

(घ) 'रुपया' का सही बहुवचन होगा –

(i) रुपयें ☐ (ii) रुपये ✓ (iii) रुपयाँ ☐

**7. इन शब्दों के बहुवचन रूप से वाक्य बनाइए।**

(क) बूँद (ख) नदी (ग) गुरु (घ) लड़का (ङ) ऋतु

**बच्चे स्वयं वाक्य बनाएँगे।**

# 7. कारक

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) कारक की परिभाषा दीजिए।**

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों से पता चले, वह कारक कहलाता है।

**(ख) परसर्ग किसे कहते हैं?**

कारकों को प्रकट करने वाले कारक-चिह्नों को परसर्ग कहते हैं।

**(ग) कारक के भेदों के नाम लिखिए।**

कारक के आठ भेद हैं – कर्ता कारक, कर्म कारक, करण कारक, संप्रदान कारक, अपादान कारक, संबंध कारक, अधिकरण कारक, संबोधन कारक।

**(घ) संप्रदान कारक और अपादान कारक में क्या अंतर है?**

वाक्य में जहाँ कोई किसी के लिए कुछ करे या कुछ दे, वहाँ संप्रदान कारक होता है। तथा जहाँ किसी से अलग होने का बोध हो, वहाँ अपादान कारक होता है।

**(ङ) संबोधन कारक का प्रयोग कब होता है?**

शब्द के जिस रूप से पुकारने, बुलाने या संबोधित करने का बोध हो, उसे संबोधन कारक कहते हैं। जैसे– अरे!, ओ!, हे! आदि।

**2. उचित परसर्ग भरकर रिक्त स्थान पूरे कीजिए।**

(क) मेज़ **पर** फल रखे हैं। (मैं / पर / से)

(ख) आपके मन **में** क्या चल रहा है? (के लिए / में / को)

(ग) मुझे अध्यापिका **से** कुछ बात करनी है। (से / ने / के)

(घ) सोने **की** लंका जलकर राख हो गई। (से / के लिए / की)

(ङ) वह गुरु जी **के लिए** माला लेकर आया। (के लिए / को / ने)

**3. इन वाक्यों में कारक संबंधी भूल को ठीक करके लिखिए।**

(क) आँख को कुछ गिर गया है। आँख में कुछ गिर गया है।

(ख) पेड़ को चिड़िया बैठी है। पेड़ पर चिड़िया बैठी है।

| | |
|---|---|
| (ग) स्टेशन के गाड़ी चली। | स्टेशन से गाड़ी चली। |
| (घ) उसमें समझा दीजिए। | उसे समझा दीजिए। |
| (ङ) राजा पर सजा सुनाई। | राजा ने सजा सुनाई। |
| (च) हलवाई में लड्डू बनाए। | हलवाई ने लड्डू बनाए। |
| (छ) पिता जी बच्चों में मिठाई लाए। | पिता जी बच्चों के लिए मिठाई लाए। |

**4. रंगीन शब्दों के कारक भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) **चम्मच से** खाना खाओ। | करण कारक |
| (ख) **बच्चों को** नहलाओ। | कर्म कारक |
| (ग) **अरे!** क्या यहाँ कोई है? | संबोधन कारक |
| (घ) उसके **सिर पर** चोट के निशान हैं। | अधिकरण कारक |
| (ङ) **गीता की** पुस्तक खो गई है। | संबंध कारक |

**5. कारकों का उनके परसर्ग या विभक्ति चिह्नों से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) कर्ता कारक | से (अलग करना) |
| (ख) संप्रदान कारक | में पर |
| (ग) अपादान कारक | हे! अरे! |
| (घ) अधिकरण कारक | को / के लिए |
| (ङ) संबोधन कारक | ने |

**6. सही कारक-चिह्न भरकर कविता पूरी कीजिए।**

की के में पर ने को ने

रिमझिम-रिमझिम वर्षा **की** बूँदें
जग **के** आँगन में आईं।
देखो देखो सारी धरती **पर**
कितनी हरियाली छाई।
मेघों **ने** गरज-गरजकर
मीठा संगीत सुनाया।
हरी-भरी संध्या **को**
कितना सुंदर बनाया।
नदियों **ने** फिर जीवन पाया
वन **में** नाचे मोर!
सब मिलकर खुशियाँ मनाएँ
पपीहा मचाए शोर।

# 8. सर्वनाम

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) सर्वनाम किसे कहते हैं?**

संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

**(ख) सर्वनाम के भेदों के नाम लिखिए।**

सर्वनाम के छह भेद होते हैं –

1. पुरुषवाचक 2. निश्चयवाचक 3. अनिश्चयवाचक

4. प्रश्नवाचक 5. संबंधवाचक 6. निजवाचक

**(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम के भेदों के बारे में लिखिए।**

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद हैं– उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष, अन्य पुरुष

**(घ) निजवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।**

जिन सर्वनामों का प्रयोग अपने लिए किया जाता है, उसे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं।

उदाहरण – खुद, अपने-आप, स्वयं

**2. सर्वनामों को रेखांकित करके उनके भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) <u>यह</u> उसका घर है। | निश्चयवाचक सर्वनाम |
| (ख) <u>तुम</u> यहाँ कैसे आए? | पुरुषवाचक सर्वनाम |
| (ग) अब <u>उसे</u> जाने दो। | पुरुषवाचक सर्वनाम |
| (घ) <u>खुद</u> जाकर देखो। | निजवाचक सर्वनाम |
| (ङ) <u>उसके</u> पास कुछ नहीं है। | पुरुषवाचक सर्वनाम |

**3. वाक्यों में सर्वनाम को शुद्ध कर वाक्य दोबारा लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) हमने फल खरीदने जाऊँगा। | मैं फल खरीदने जाऊँगा। |
| (ख) तुम्हें अपना काम करो। | तुम अपना काम करो। |
| (ग) राजू छोटा है, वे मेरा भाई है। | राजू छोटा है, वह मेरा भाई है। |
| (घ) तुम की दुकान आज बंद है। | तुम्हारी दुकान आज बंद है। |
| (ङ) हमारे भी खेलना है। | हमें भी खेलना है। |

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) अनिश्चयवाचक सर्वनाम है –

(i) कौन ☐ (ii) यह ☐ (iii) कोई ☑

(ख) 'वह **स्वयं** गड्ढा खोदेगा' रंगीन शब्द कौन-सा सर्वनाम है?

(i) निजवाचक ☑ (ii) निश्चयवाचक ☐ (iii) संबंधवाचक ☐

(ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम नहीं है –

(i) किसे ☐ (ii) कुछ ☑ (iii) क्या ☐

(घ) 'मेरा' सर्वनाम का बहुवचन रूप है –

(i) हम ☐ (ii) हमें ☐ (iii) हमारा ☑

**5. सही सर्वनाम चुनकर रिक्त स्थान पूरे कीजिए।**

वह अपने उन्हें वे मेरे मैं मुझे उसके उसने

किसी गाँव में एक ज़मींदार रहता था। **वह** बहुत कंजूस था। **अपने** यहाँ काम करने वालों को वह बहुत सताता था। महीना भर सख्ती से काम लेता और जब वेतन देने का समय आता, तो **उन्हें** ऐसा काम बताता कि **वे** उसे कर नहीं पाते और वह उनका वेतन हड़प जाता। सब ज़मींदार के यहाँ काम करने से मना करने लगे। ज़मींदार की कोई संतान नहीं थी। **उसने** मुनादी करवा दी, "जो भी **मेरे** यहाँ काम करके **मुझे** प्रसन्न कर देगा, उसे **मैं** अपना उत्तराधिकारी बना लूँगा।" पर फिर भी **उसके** पास कोई नहीं आया।

# 9. विशेषण

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) विशेषण किसे कहते हैं? विशेषण के कितने भेद हैं?**

संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। विशेषण के चार भेद हैं – 1. गुणवाचक विशेषण 2. संख्यावाचक विशेषण 3. परिमाणवाचक विशेषण 4. सार्वनामिक विशेषण।

**(ख) विशेष्य किसे कहते हैं?**

जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें विशेष्य कहते हैं।

**(ग) गुणवाचक विशेषण किसे कहते हैं?**

वे विशेषण शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रंग, आकार, संख्या, स्वाद, स्वभाव आदि की विशेषता बताते हैं, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

**(घ) संख्यावाचक और परिमाणवाचक विशेषण के कितने भेद होते हैं?**

संख्यावाचक और परिमाणवाचक विशेषण के दो भेद होते हैं– निश्चित संख्यावाचक तथा अनिश्चित संख्यावाचक, निश्चित परिमाणवाचक तथा अनिश्चित परिमाणवाचक।

**(ङ) उदाहरण देते हुए सार्वनामिक विशेषण के बारे में बताइए।**

जब सर्वनाम किसी संज्ञा के पहले आकर उसकी विशेषता बताते हैं, तो उन सर्वनामों को सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण – उस लड़के को जाने दो।

यहाँ 'उस' (सर्वनाम) 'लड़के' (संज्ञा) की विशेषता बता रहा है, अतः यह सार्वनामिक विशेषण है।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण भरिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कई | इस | दो | अच्छे | खट्टे | कितना |

(क) तुम कितने **अच्छे** बच्चे हो!

(ख) **कई** दिनों से पानी नहीं आ रहा है।

(ग) देखो, **कितना** मैल जमा है।

(घ) साबुन की **दो** टिकिया ले आओ।

(ङ) **इस** तालाब में मछलियाँ हैं।

(च) संतरे बहुत **खट्टे** हैं।

**3. विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखिए।**

| | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|
| (क) उसका थैला खाली है। | खाली | थैला |
| (ख) चाय के दो कप हैं। | दो | कप |
| (ग) यह तो सूखी डाली है। | सूखी | डाली |
| (घ) कितना अच्छा माली है। | अच्छा | माली |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों का विशेषण भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) **वह** पुस्तक मुझे दे दो। | सार्वनामिक विशेषण |
| (ख) **यह** घर **साफ़-सुथरा** है। | सार्वनामिक तथा गुणवाचक |
| (ग) **भोली** मुनिया क्यों रोती है? | गुणवाचक विशेषण |
| (घ) **मोटा** दुकानदार धनिया बेच रहा है। | गुणवाचक विशेषण |
| (ङ) उसके पास **कुछ** रुपये बचे हैं। | अनिश्चित संख्यावाचक |

**5. सही उत्तर पर (✓) लगाइए।**

(क) '**काला** घोड़ा तेज़ भागा।' – रंगीन शब्द कौन-सा विशेषण है?

(i) संख्यावाचक ☐ (ii) गुणवाचक ☑ (iii) परिमाणवाचक ☐

(ख) वह शब्द छाँटिए, जो गुणवाचक विशेषण नहीं है –

(i) रंगीन ☐ (ii) ज्ञानी ☐ (iii) बहुत ☑

(ग) सार्वनामिक विशेषण वाले शब्द चुनिए–

(i) एक गेंद ☐ (ii) यह लड़का ☑ (iii) तुम आओ ☐

(घ) 'स्वस्थ' गुणवाचक विशेषण है। यह बताता है –

(i) गुण ☐ (ii) रूप ☐ (iii) अवस्था ☑

6. **इन शब्दों के लिए शब्द-जाल में से उचित विशेषण छाँटकर लिखिए।**

| | **विशेषण** | | | **विशेषण** | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मीठे | फल | (ख) | कुशल | कारीगर |
| (ग) | चचेरी | बहन | (घ) | सूखी | टहनी |
| (ङ) | गुलाबी | चुनरी | (च) | बीमार | व्यक्ति |
| (छ) | चौकोर | मेज़ | (ज) | चौथी | कक्षा |
| (झ) | मासिक | आय | (ञ) | बड़ा | बगीचा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गु | ला | बी | ब | ड़ा |
| मी | ठे | मा | सि | क |
| चौ | को | र | च | सू |
| थी | ल | ह | चे | खी |
| कु | श | ल | री | म |

# 10. क्रिया

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) क्रिया किसे कहते हैं?**

शब्द के जिस रूप से किसी काम के करने तथा होने का बोध हो, उसे क्रिया कहते हैं।

**(ख) क्रिया के कितने भेद होते हैं?**

क्रिया के दो भेद हैं – अकर्मक क्रिया एवं सकर्मक क्रिया।

**(ग) सकर्मक क्रिया की पहचान क्या है?**

सकर्मक क्रिया की पहचान यह है कि इसमें क्रिया का प्रभाव कर्ता की अपेक्षा कर्म पर पड़ता है।

**(घ) अकर्मक-सकर्मक क्रिया की पहचान कैसे की जा सकती है?**

यदि वाक्य में क्रिया के साथ 'क्या' लगाकर प्रश्न पूछने पर उत्तर मिले, तो क्रिया सकर्मक होगी यदि उत्तर न मिले तो क्रिया अकर्मक होगी।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) मौली बहुत देर तक नाची। | नाची |
| (ख) माँ ने कपड़े धो लिए। | धो लिए |
| (ग) कल हम छुट्टी मनाएँगे। | मनाएँगे |
| (घ) मेरे पैसे खो गए। | खो गए |
| (ङ) मंजू ही दौड़ जीतेगी। | दौड़ |

**3. सही क्रिया शब्द से वाक्य पूरे कीजिए।**

| | |
|---|---|
| (क) रोज़ाना हरी सब्ज़ियाँ **खाओ**। | (खाया / खाओ / खाए) |
| (ख) वह देर तक **जागती** रही है। | (जागती / जागता / जागना) |
| (ग) रीना ज़ोर-ज़ोर से **हँसती** है। | (हँसा / हँसी / हँसती) |
| (घ) जहाज़ समुद्र में **तैरने** लगा। | (तैरने / तैर / तैरा) |

**4. क्रिया अकर्मक है या सकर्मक लिखिए।**

(क) गौरव अपनी बात कहेगा। सकर्मक

(ख) आराम से खाना खाओ। सकर्मक

(ग) वह घर पहुँच गया। अकर्मक

(घ) अदिति सो रही है। अकर्मक

(ङ) पतंग उड़ती है। सकर्मक

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) इनमें से अकर्मक क्रिया नहीं है –

(i) उड़ना ☐ (ii) काटना ☑ (iii) डरना ☐

(ख) किस वाक्य में सकर्मक क्रिया नहीं है?

(i) पत्र पढ़ो ☐ (ii) फल ला ☐ (iii) वह नहाया ☑

(ग) सकर्मक क्रिया की पहचान के लिए क्रिया के साथ लगाते हैं –

(i) कब ☐ (ii) कोई ☐ (iii) क्या ☑

(घ) अपने आप होने वाली क्रिया कौन-सी है?

(i) फूल खिलना ☑ (ii) फूल तोड़ना ☐ (iii) फूल बेचना ☐

**6. कविता पढ़िए और क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए।**

चित्रकार सुनसान जगह में, (बना रहा था) चित्र।<br>
इतने में ही वहाँ (आ गया), यमराज का मित्र।<br>
उसे (देखकर) चित्रकार के, तुरंत (उड़ गए) होश।<br>
नदी पहाड़, पेड़ का, (रह न गया) कुछ जोश।<br>
उसको कुछ हिम्मत (आई), (देख) उसे चुपचाप।<br>
(बोला) – सुंदर चित्र (बना दूँ)। (बैठ जाइए) आप।<br>
उकरू-मुकरू (बैठ गया), वह सारे अंग (बटोर)।<br>
बड़े ध्यान से (लगा देखने), चित्रकार की ओर।

# 11. काल

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) काल किसे कहते हैं?**

क्रिया के जिस रूप से उसके करने या होने के समय का पता चले, उसे काल कहते हैं।

**(ख) काल के भेदों के नाम लिखिए।**

काल के तीन भेद हैं – 1. भूतकाल 2. वर्तमान काल 3. भविष्यत् काल।

**(ग) वर्तमान और भविष्यत्काल के दो-दो उदाहरण लिखिए।**

वर्तमान काल – 1. बाग में पेड़ हैं। 2. रवि पतंग उड़ा रहा है।

भविष्यत् काल – 1. बाग में पौधे लगाएँगे। 2. रवि पतंग उड़ाएगा।

**(घ) भूतकाल की परिभाषा दीजिए।**

क्रिया के जिस रूप से उसके बीते हुए समय में होने का पता चले, उसे भूतकाल कहते हैं।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का काल छाँटकर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) प्रवीन जल्दी सो जाता है। | वर्तमान काल |
| (ख) कोमल घूमने जाएगी। | भविष्यत् काल |
| (ग) दादी बच्ची को सुला रही हैं। | वर्तमान काल |
| (घ) छत पर कोई टहल रहा था। | भूतकाल |
| (ङ) घर से निकलते ही बारिश होने लगी। | भूतकाल |

**3. वाक्यों को काल के अनुसार बदलिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) पक्षी दाना चुगता है। | (भूतकाल में) | पक्षी ने दाना चुगा। |
| (ख) मारिया ने नाच दिखाया। | (भविष्यत् काल में) | मारिया नाच दिखाएगी। |
| (ग) मयंक पत्र लिखेगा। | (वर्तमान काल में) | मयंक पत्र लिख रहा है। |
| (घ) तुम कब आओगे? | (भूतकाल में) | तुम कब आए? |
| (ङ) नेहा गीत गाएगी। | (वर्तमान काल में) | नेहा गीत गा रही है। |

**4. दी गई क्रियाओं को उनके काल के सही कॉलम में लिखिए।**

सोया नाचेगी आएगा खा रहे हैं खेलेंगे जाती है लिखा
पढ़ रहा है नाचा हुआ खाएगी उड़ता है।

**भूतकाल** – सोया, लिखा, नाचा, हुआ

**वर्तमान काल** – खा रहे हैं, जाती है, पढ़ रहा है, उड़ता है

**भविष्यत् काल** – नाचेगी, आएगा, खेलेंगे, खाएगी

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) कौन-सी क्रिया भूतकाल में है?

(i) चढ़ता है ☐ (ii) चढ़ेगा ☐ (iii) चढ़ गया ☑

(ख) 'पुस्तक मेला कल से लगेगा।' वाक्य में क्रिया का काल है –

(i) भविष्यत् काल ☑ (ii) भूतकाल ☐ (iii) वर्तमान काल ☐

(ग) काल से किसका बोध होता है?

(i) कर्ता का ☐ (ii) स्थान का ☐ (iii) समय का ☑

**6. आपके विद्यालय से पिकनिक पर ले जाया जा रहा है। पिकनिक पर आप क्या-क्या करेंगे, इस पर भविष्यत् काल के 8-10 वाक्य लिखिए।**

बच्चे स्वयं लिखेंगे।

# 12. अविकारी शब्द

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) अविकारी शब्द क्या होते हैं?**

ऐसे शब्द जिनका रूप कभी नहीं बदलता अविकारी शब्द होते हैं।

**(ख) अविकारी शब्दों के कितने भेद हैं?**

अविकारी शब्दों के चार भेद हैं– क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक तथा विस्मयादिबोधक।

**(ग) क्रियाविशेषण किसे कहते हैं?**

क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्रियाविशेषण कहते हैं।

**(घ) क्रियाविशेषण के भेदों के नाम लिखिए।**

क्रियाविशेषण के भेद – कालवाचक, स्थानवाचक, रीतिवाचक, परिमाणवाचक।

**(ङ) संबंधबोधक और समुच्चयबोधक में अंतर बताइए।**

संबंधबोधक में शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ लगकर उनका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों से जोड़ते हैं जबकि समुच्चयबोधक में शब्द दो वाक्यांशों और दो शब्दों को जोड़ते हैं।

**(च) विस्मयादिबोधक शब्द क्या प्रकट करते हैं?**

विस्मयादिबोधक शब्द हैरानी, दुख, खुशी, घृणा, भय आदि भावों को प्रकट करते हैं।

**2. क्रियाविशेषण रेखांकित कर उनके भेद लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | आप <u>यहाँ</u> आए हैं? | स्थानवाचक |
| (ख) | तुम <u>उधर</u> बैठो। | स्थानवाचक |
| (ग) | और <u>कितना</u> खाओगे? | परिमाणवाचक |
| (घ) | <u>धीरे</u> बोलो कोई सुन लेगा। | रीतिवाचक |
| (ङ) | <u>ध्यान से</u> चलो आगे गड्ढा है। | रीतिवाचक |

**3. रिक्त स्थानों में उचित समुच्चयबोधक शब्द भरिए।**

(क) भारत **और** पाकिस्तान के बीच मैच हुआ।

(ख) मैं यहाँ आ गया **लेकिन** यहाँ कोई नहीं था।

(ग) आप अच्छे हैं **क्योंकि** आप कभी झूठ नहीं बोलते।

(घ) वह होशियार है **पर** मेहनत करने से बचता है।

**4. निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों से वाक्य बनाइए।**

(क) उफ़! कितनी गरमी है।

(ख) वाह! कितनी अच्छी कार है।

(ग) ओह! आज मैं अपना टिफ़िन घर भूल आई।

(घ) अरे! तुम कब आए?

**5. रंगीन शब्द क्रियाविशेषण हैं अथवा संबंधबोधक हैं? लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) यात्री पेड़ **के नीचे** सोया है। | संबंधबोधक |
| (ख) जाओ, **अंदर** जाकर पढ़ो। | क्रियाविशेषण |
| (ग) कार **के पीछे** स्कूटर खड़ा है। | संबंधबोधक |
| (घ) **पीछे** देखो, गहरा गड्ढा है। | क्रियाविशेषण |
| (ङ) सोनल मेरे घर **के पास** रहती है। | संबंधबोधक |
| (च) अभी बाज़ार **दूर** है। | क्रियाविशेषण |

**6. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) इनमें से क्रियाविशेषण शब्द है–

(i) अहा ☐ (ii) दूर ☑ (iii) के बाद ☐

(ख) अलमारी ____________ कपड़े हैं। रिक्त स्थान में समुच्चयबोधक आएगा।

(i) के अंदर ☑ (ii) की तरफ़ ☐ (iii) से अंदर ☐

(ग) 'हाय' विस्मयादिबोधक से कौन-सा भाव प्रकट हो रहा है?

(i) खुशी ☐ (ii) हैरानी ☐ (iii) दुख ☑

# 13. वाक्य

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) वाक्य किसे कहते हैं?**

शब्दों का वह समूह जिसका एक निश्चित अर्थ हो, वाक्य कहलाता है।

**(ख) उद्देश्य और विधेय किसे कहते हैं?**

वाक्य में जिसके बारे में कुछ कहा जाए, वह उद्देश्य होता है। तथा वाक्य में उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहा जाए, वह विधेय होता है।

**(ग) रचना की दृष्टि से वाक्य के कौन-से प्रकार हैं?**

रचना की दृष्टि से वाक्य के तीन प्रकार हैं– सरल, संयुक्त तथा मिश्र वाक्य।

**(घ) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकार लिखिए।**

अर्थ की दृष्टि से वाक्य के आठ प्रकार हैं– विधानवाचक, निषेधवाचक, प्रश्नवाचक, आज्ञावाचक, इच्छावाचक, संदेहवाचक, विस्मयादिबोधक तथा संकेतवाचक।

**2. नीचे लिखे वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय अलग कीजिए।**

| | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| (क) | बच्चे | क्रिकेट खेल रहे हैं। |
| (ख) | रामन जी | कोलकाता में रहते हैं। |
| (ग) | रेहान ने | जाने से पहले सभी लाइटें बंद कर दीं। |
| (घ) | अरुण | कार्टून देखकर ज़ोर-ज़ोर से हँस रहा है। |
| (ङ) | मेहमान | कल जाएँगे। |
| (च) | कविता और उसकी माँ | बाज़ार गए। |

**3. लिखिए ये वाक्य हैं– सरल, संयुक्त अथवा मिश्र।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | माँ ने पकौड़े बनाए। | सरल वाक्य |
| (ख) | माँ ने पकौड़े बनाए लेकिन खुद नहीं खाए। | संयुक्त वाक्य |
| (ग) | जब माँ ने पकौड़े बनाए तब सबने खाए। | मिश्र वाक्य |

**4. निम्नलिखित वाक्यों का क्रम ठीक करके दोबारा लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) बाग से ला रही है फूल चारू। | चारू बाग से फूल ला रही है। |
| (ख) रात को बातें कीं हमने बहुत। | हमने रात को बहुत बातें कीं। |
| (ग) मीठी आवाज़ है होती कोयल की। | कोयल की आवाज़ मीठी होती है। |
| (घ) बरगद का पेड़ है विशाल। | बरगद का पेड़ विशाल है। |

**5. दिए गए शब्दों से वाक्य लिखिए।**

(क) तूफ़ान (ख) ऋतु (ग) वर्षा (घ) विद्यालय

बच्चे स्वयं वाक्य लिखने का प्रयास करेंगे।

# 14. विराम-चिह्न

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(क) विराम-चिह्न का क्या अर्थ है?**

विराम का अर्थ है– रुकना। भाषा में हम बीच-बीच में विराम लेते हैं। इन विरामों को हम जिन चिह्नों द्‌वारा प्रकट करते हैं, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं।

**(ख) पूर्णविराम और अल्पविराम में क्या अंतर है?**

पूर्णविराम (।) वाक्य पूरा होने पर लगता है जबकि अल्पविराम (,) का प्रयोग संज्ञाओं, संख्याओं और वाक्य के बीच में जब हम थोड़ी देर रुकते हैं, तब किया जाता है।

**(ग) उद्‌धरण चिह्न और विस्मयादिबोधक चिह्न कब लगाए जाते हैं?**

उद्‌धरण चिह्न का प्रयोग किसी की बात को ज्यों का त्यों बताने के लिए किया जाता है। विस्मयादिबोधक चिह्न आश्चर्य, हर्ष, भय, घृणा, खुशी आदि भावों को प्रकट करने के लिए लगाए जाते हैं।

**2. वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए।**

(क) करण, शौर्य, कविता और नीलू कहाँ गए हैं?

(ख) धीरे-धीरे चलो।

(ग) अरे! तुम्हें अक्ल है कि नहीं।

(घ) बापू ने कहा था, “अहिंसा परम धर्म है।”

(ङ) वह कौन था, जिसने तुम्हें धक्का दिया?

**3. वाक्यों में सही विराम-चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) जल्दी-जल्दी खाना खाओ? | जल्दी-जल्दी खाना खाओ। |
| (ख) वाह। क्या बात कही है? | वाह! क्या बात कही है। |
| (ग) बापू ने कहा? “सदा सच बोलो।” | बापू ने कहा, “सदा सच बोलो।” |
| (घ) तुम कहाँ से आ रहे हो! | तुम कहाँ से आ रहे हो? |
| (ङ) रुको, रुको कहाँ जा रहे हो! | रुको-रुको कहाँ जा रहे हो? |

**4. विराम-चिह्न का उनके नाम के साथ मिलान कीजिए।**

| | |
|---|---|
| ? | उद्धरण चिह्न |
| ! | योजक चिह्न |
| – | अल्प विराम |
| “ ” | प्रश्नसूचक चिह्न |
| , | विस्मयादिबोधक चिह्न |

**5. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) दो शब्दों को जोड़ने वाला विराम चिह्न कौन-सा है?

(i) प्रश्नवाचक ☐ (ii) उद्धरण ☐ (iii) योजक ☑

(ख) वाक्य पूरा होने पर कौन-सा विराम चिह्न लगाते हैं?

(i) प्रश्नवाचक ☐ (ii) पूर्ण विराम ☑ (iii) अल्पविराम ☐

(ग) इनमें से उद्धरण चिह्न कौन-सा है?

(i) “ ” ☑ (ii) ? ☐ (iii) ! ☐

(घ) किस वाक्य में प्रश्नवाचक चिह्न लगेगा?

(i) कब आए ☑ (ii) यहाँ आओ ☐ (iii) तुम चलो ☐

**6. इस कहानी में विराम-चिह्न छूट गए हैं, विराम चिह्न लगाइए।**

पंडित जी भले आदमी थे। वे रोज़ अपने घर किसी न किसी को खाने का निमंत्रण दे आते। बेचारी पंडिताइन बहुत परेशान रहती थी। एक दिन तीन मेहमान आए। वे हँस-हँसकर बातें कर रहे थे। पंडित जी हाथ-मुँह धोने गए, पंडिताइन एक मूसल साफ़ करने लगी। एक मेहमान ने पूछा, “यह क्यों साफ़ कर रही हो?” पंडिताइन बोली, “पंडित जी यह मूसल तुम्हारे सिर पर मारकर पूजा शुरू करेंगे।” यह सुनकर तीनों मेहमान भाग गए।

# 15. सामान्य अशुद्धियाँ

## देखें कितना सीखा

**1. शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए।**

| | **अशुद्ध** | **शुद्ध** | | **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | कवी | कवि | (ख) | प्रशाद | प्रसाद |
| (ग) | पढाई | पढ़ाई | (घ) | नदान | नादान |
| (ङ) | स्तुती | स्तुति | (च) | दवाईयाँ | दवाइयाँ |
| (छ) | नछत्र | नक्षत्र | (ज) | त्यौहार | त्योहार |

**2. वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | आदित ने तीन केला खाया। | आदित ने तीन केले खाए। |
| (ख) | चाकू से लड़के को काटकर फल दो। | चाकू से फल काटकर लड़के को दो। |
| (ग) | तुम ज़रूर से आना। | तुम ज़रूर आना। |
| (घ) | मेरे को जूस पीना है। | मुझे जूस पीना है। |
| (ङ) | वह चलता-चलता रुक गया। | वह चलते-चलते रुक गया। |
| (च) | मैंने उससे बात करी। | मैंने उससे बात की। |

**3. इन पंक्तियों में आए अशुद्ध शब्दों को ठीक करिए।**

| | |
|---|---|
| गई बाग में एक लोमड़ि, | लोमड़ी |
| देखे अँगूरों के गुच्छे। | अंगूरों |
| मन में लालच, मुंह में पानि, | मुँह, पानी |
| कुदी वह, पाने को गूच्छे। | कूदी, गुच्छे |

# 16. विलोम शब्द

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अनुचित | उचित | (ख) | निरक्षर | साक्षर |
| (ग) | अज्ञात | ज्ञात | (घ) | अवज्ञा | आज्ञा |
| (ङ) | शांति | अशांति | (च) | उपेक्षा | अपेक्षा |
| (छ) | अहिंसा | हिंसा | (ज) | असंभव | संभव |
| (झ) | अपयश | यश | (ञ) | सस्ता | महँगा |

**2. रंगीन शब्दों के विलोम शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए।**

(क) विपत्ति में ही **मित्र** और **शत्रु** की पहचान होती है।

(ख) जब **रक्षक** ही **भक्षक** बन जाए तो क्या होगा!

(ग) भारत सन् 1947 में **स्वाधीन** हुआ। उससे पहले यह **पराधीन** था।

(घ) बड़ों का **आदर** करना सीखो, उनका **अनादर** करना बुरी बात है।

(ङ) **गरीब** पर **अमीर** अत्याचार करते हैं।

**3. रंगीन शब्दों के सही विलोम शब्दों पर गोला लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | **मूक** – | मुखर | अमूक | (वाचाल) |
| (ख) | **सबल** – | बलशाली | (निर्बल) | बलवान |
| (ग) | **धर्म** – | धर्मी | (अधर्म) | पाप |
| (घ) | **प्राचीन** – | पुराना | नया | (नवीन) |
| (ङ) | **गुण** – | अवगुण | गुणवान | (दोष) |

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) 'अंधकार' का सही विलोम शब्द है –

(i) प्रकाश ☑ (ii) रोशनी ☐ (iii) उजाला ☐

(ख) 'मूक' किस शब्द का विलोम है?

(i) निर्बल ☐ (ii) कठोर ☐ (iii) वाचाल ☑

(ग) 'उत्थान' का विलोम छाँटिए।


(i) नीचा ☐ (ii) पतन ☑ (iii) पाताल ☐

(घ) धनी का अर्थ है अमीर, तो उसके विलोम निर्धन का अर्थ होगा–

(i) अनधनी ☐ (ii) अधनी ☐ (iii) गरीब ☑

**5. नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्दों से शब्द-सीढ़ी पूरी करके लिखिए।**

1. अशुभ × शुभ
2. बुरा × भला
3. नालायक × लायक
4. कोमल × कठोर
5. नीरस × सरस
6. असफल × सफल
7. सबल × निर्बल



# 17. समानार्थी शब्द

## देखें कितना सीखा


**1. चित्रों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए।**



मछली, मीन



आग, अग्नि



हाथी, गज

**2. दिए गए शब्दों के तीन-तीन समानार्थी शब्द लिखिए।**

(क) पुष्प सुमन कुसुम फूल

(ख) पृथ्वी धरती भूमि धरा

(ग) हवा वायु पवन समीर

**3. शब्दों को उनके समानार्थी शब्दों से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| चाँद | तटिनी |
| मेह | हस्त |
| सरिता | शशि |
| कर | वृष्टि |

चाँद → शशि
मेह → वृष्टि
सरिता → तटिनी
कर → हस्त

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) 'सागर' शब्द के सही पर्यायवाची हैं–

(i) समुद्र, मेह ☐ (ii) सिंधु, समुद्र ☑ (iii) सिंधु, अचल ☐

(ख) वायु, पवन, समीर का एक और समानार्थी शब्द है –

(i) अनिल ☑ (ii) अनल ☐ (iii) नीर ☐

(ग) 'हस्ती' किसका पर्यायवाची है?

(i) हाथ ☐ (ii) हल ☐ (iii) हाथी ☑

(घ) कौन-सा शब्द 'दिन' का समानार्थी शब्द नहीं है?

(i) दिवस ☐ (ii) दीया ☑ (iii) वार ☐

**5. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द वर्ग पहेली में से ढूँढ़िए।**

| | |
|---|---|
| चाँद | शशि, सुधाकर। |
| बेटा | सुत, तनय। |
| हाथ | कर, हस्त। |
| सोना | स्वर्ण, कनक। |
| माता | माँ, जननी। |
| बादल | जलद, नीरद। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सु | धा | क | र | माँ |
| त | ज | न | नी | ट |
| स्व | र्ण | क | र | त |
| श | ज | ल | द | न |
| शि | ह | स्त | ल | य |

# 18. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

## देखें कितना सीखा

**1. एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) आस्तिक | ईश्वर में विश्वास रखने वाला |
| (ख) वार्षिक | वर्ष में एक बार होने वाला |
| (ग) शहरी | शहर में रहने वाला |
| (घ) वाचाल | बहुत बोलने वाला |
| (ङ) मांसाहारी | मांस खाने वाला |
| (च) गोपनीय | जो छिपाने योग्य हो |

**2. अनेक शब्दों को एक शब्द से मिलाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) जो श्रम करता हो | नमकदानी |
| (ख) जो बहुत बोलता हो | लिखित |
| (ग) पुराने ज़माने का | श्रमिक |
| (घ) नमक रखने का पात्र | वाचाल |
| (ङ) जो लिखा हुआ हो | प्राचीन |

**3. रंगीन शब्दों के उचित एक शब्द पर ✓ लगाइए।**

(क) मेरा एक मित्र **दूर देश में रहने वाला है**। (देशी / **विदेशी** / शहरी)

(ख) यह लड़का **मीठा बोलने वाला है**। (**मृदुभाषी** / कटुभाषी / श्रोता)

(ग) शहरों में **आकाश को छूने वाली** इमारतें हैं। (अदृश्य / नभचुंबी / **गगनचुंबी**)

(घ) **उपकार मानने वाला** धोखा नहीं देता। (**कृतज्ञ** / ऋणी / उदार)

(ङ) विजय में बिलकुल भी **धैर्य नहीं है**। (नैतिक / **अधीर** / दयालु)

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) कौन-सा शब्द धर्म से संबंधित के लिए बोलते हैं?

(i) धार्मिक ☑ (ii) नैतिक ☐ (iii) लिखित ☐

(ख) 'जो देखने योग्य हो', इस वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा–

(i) दर्शक ☐ (ii) अपूर्व ☐ (iii) दर्शनीय ☑


(ग) सज्जनों के दिल में दया होती है, उन्हें ―――――――― कहते हैं।

(i) उदार [ ] (ii) दयालु [✓] (iii) कृतज्ञ [ ]

(घ) 'श्रोता' शब्द के लिए अनेक शब्द होंगे–

(i) देखने वाला [ ] (ii) बोलने वाला [ ] (iii) सुनने वाला [✓]

**5. चित्रों को देखिए और इनका अनेक और एक दोनों शब्द लिखिए।**

(क) 


अनेक शब्द — जहाँ चार रास्ते मिलते हों

एक शब्द — चौराहा

(ख) 

अनेक शब्द — चिकित्सा करने वाला

एक शब्द — चिकित्सक

(ग) 

अनेक शब्द — गगन को छूने वाला

एक शब्द — गगनचुंबी

(ङ) 

अनेक शब्द — जो श्रम करता हो

एक शब्द — श्रमिक

# 19. मुहावरे

## देखें कितना सीखा

**1. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) ईद का चाँद होना | बहुत दिनों बाद मिलना |
| (ख) अक्ल का दुश्मन | मूर्ख व्यक्ति |
| (ग) आँखों का तारा | बहुत प्यारा |
| (घ) नौ दो ग्यारह होना | भाग जाना |
| (ङ) उल्लू बनाना | बेवकूफ बनाना |

**2. वाक्यों में गलत मुहावरे लग गए हैं। सही मुहावरे लगाकर वाक्य लिखिए।**

(क) हमारी टीम ने इंग्लैड के गेंदबाजों के **होश गँवा दिए**।

हमारी टीम ने इंग्लैंड के गेंदबाजों के **छक्के छुड़ा दिए**।

(ख) अनवर इतना सीधा है कि कोई भी उसे **भीगी बिल्ली** बना सकता है।

अनवर इतना सीधा है कि कोई भी उसे **उल्लू बना** सकता है।

(ग) जल्दी से खाना दो, मेरे पेट में **उल्लू सो** रहे हैं।

जल्दी से खाना दो, मेरे पेट में **चूहे कूद** रहे हैं।

(घ) पहले तो इतना अकड़ रहे थे, अब क्यों **मुँह की खा** रहे हो।

पहले तो इतना अकड़ रहे थे, अब क्यों **भीगी बिल्ली बन** रहे हो।

**3. शरीर के इन अंगों से जुड़े मुहावरे लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) **नाक** – नाक में दम करना | (ख) **कान** – कान पर जूँ न रेंगना |
| (ग) **आँख** – आँख का तारा | (घ) **मुँह** – मुँह फेर लेना |
| (ङ) **हाथ** – हाथों-हाथ लेना | (च) **दाँत** – दाँत खट्टे करना |

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) लगाइए।**

(क) 'गहरी नींद सोना' किस मुहावरे का अर्थ है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) घोड़े बेचकर सोना | ✓ | (ii) चादर तानकर सोना | ☐ |
| (iii) कान पर जूँ न रेंगना | ☐ | (iv) मक्खियाँ मारना | ☐ |

(ख) 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का अर्थ है –

(i) मूर्खता का कार्य करना ☐ (ii) आसान काम करना ☐

(iii) मार पड़ना ☐ (iv) बुद्धि काम न करना ☑

(ग) कौन-सा मुहावरा गलत है?

(i) आँखें बिछाना ☐ (ii) नौ दो ग्यारह होना ☐

(iii) मुँह पर खाना ☑ (iv) कान खड़े हो जाना ☐

(घ) इनमें से सही मुहावरा है –

(i) नाकों चने खाना ☐ (ii) हाथों हाथ लेना ☑

(iii) कान दिखाना ☐ (iv) दाएँ हाथ का खेल ☐

**5. दिए गए चित्रों को पहचानकर मुहावरा लिखिए।**

(क)  भीगी बिल्ली बनना

(ख)  आँखों का तारा

# 20. पत्र लेखन

## देखें कितना सीखा

**बच्चे दिए गए विषयों पर पत्र लिखने का अभ्यास करें।**

# 21. अनुच्छेद-लेखन

## देखें कितना सीखा

**बच्चे स्वयं अनुच्छेद लिखने का प्रयास करें।**

# 22. निबंध-लेखन

## देखें कितना सीखा

दिए गए विषयों पर बच्चे स्वयं निबंध लिखने का प्रयास करें।

# 23. अपठित गद्यांश

## देखें कितना सीखा

**निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** मदर टेरेसा के मन में असहाय और पीड़ितों के लिए तड़प सदैव बनी रही। एक शाम वे कोलकाता के 'बड़ा बाज़ार' से गुज़र रही थीं। एक स्थान पर लोगों का जमघट लगा हुआ था। वे भी आगे बढ़ीं। उन्होंने देखा कि एक कूड़ेदान में कूड़े के ढेर पर एक नन्हा शिशु पड़ा था। भीड़ में सभी लोग इस दृश्य को देख रहे थे और तरह-तरह की बातें कर रहे थे पर किसी ने उस बच्चे को उठाने का साहस नहीं किया। मदर टेरेसा ने एक पल गँवाए बिना लपककर उसे उठा लिया और अपने साथ ले गईं।

(क) मदर टेरेसा के मन में किनके लिए तड़प थी?

मदर टेरेसा के मन में असहाय और पीड़ितों के लिए तड़प थी।

(ख) उन्होंने कहाँ पर लोगों का जमघट लगा देखा?

उन्होंने कोलकाता के 'बड़ा बाज़ार' में एक स्थान पर लोगों का जमघट लगा देखा।

(ग) नन्हा शिशु कहाँ पड़ा था?

नन्हा शिशु कूड़ेदान में कूड़े के ढेर पर पड़ा था।

(घ) बच्चे को देखकर मदर टेरेसा ने क्या किया?

मदर टेरेसा ने लपककर बच्चे को उठा लिया और अपने साथ ले गईं।

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ममता की मूर्ति

**2.** ऊँट की पीठ पर एक अजीब तरह का उभार यानी कर्व होता है। जानते हो, उसे क्या कहते हैं? उसे 'कूबड़' कहते हैं। यह कूबड़ वसा का बना होता है, यानी इसमें अतिरिक्त वसा होती है। यह ऊँट के लिए बहुत लाभदायक होता है। रेगिस्तानी इलाकों में रहने के कारण ऊँटों को भोजन और पानी की कमी का सामना हमेशा करना पड़ता है। जब ऊँट को भोजन की कमी होती है तो वह अपनी शारीरिक क्रियाओं के लिए इसी वसा से ऊर्जा लेता है। पानी की कमी होने पर कूबड़ की वसा के ऑक्सीजन के द्वारा यह अपने शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है।

(क) ऊँट की पीठ के उभार को क्या कहते हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) कर्व | ☐ | (ii) कूबड़ | ☑ |
| (iii) पोटली | ☐ | (iv) गुंबद | ☐ |

(ख) कूबड़ किस चीज़ का बना होता है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) वसा का | ☑ | (ii) प्रोटीन का | ☐ |
| (iii) कैल्शियम | ☐ | (iv) कार्बोहाड्रेट | ☐ |

(ग) ऊँट को हमेशा किसकी कमी होती है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) रेत–पानी की | ☐ | (ii) जीरा–पानी की | ☐ |
| (iii) भोजन–पानी की | ☑ | (iv) हवा–पानी की | ☐ |

(घ) भोजन की कमी होने पर ऊँट ऊर्जा प्राप्त करता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) सूर्य से | ☐ | (ii) पानी से | ☐ |
| (iii) कूबड़ की वसा से | ☑ | (iv) गुंबद से | ☐ |

(ङ) ऊँट कूबड़ की वसा से पानी की कमी को कैसे पूरा करता है?

| | |
|---|---|
| (i) वसा के ऑक्सीजन द्वारा | ☑ |
| (ii) वसा के वाष्पीकरण द्वारा | ☐ |
| (iii) कैल्शियम से | ☐ |
| (iv) पेड़ों से | ☐ |

# 24. कहानी-लेखन

## देखें कितना सीखा

**1. चित्रों को देखकर कहानी समझिए और कक्षा में सुनाइए।**

**चंद्रगुप्त और शेर**

एक बार की बात है बालक चंद्रगुप्त अपने मित्रों के साथ राजसभा का खेल खेल रहा था। जिसमें वह स्वयं राजा बनकर न्याय कर रहा था। उसे इस प्रकार बुद्धिमानी से न्याय करते हुए चाणक्य ऋषि ने देखा। वे चंद्रगुप्त की बुद्धिमानी से बहुत प्रसन्न हुए। वे उसके पास गए और उसके न्याय की प्रशंसा करने लगे। तभी वहाँ चंद्रगुप्त की माँ भी आ गईं। वे चाणक्य को पहचान गईं। चाणक्य ने उनसे राजा के महल में जाने को कहा। चंद्रगुप्त अपनी माँ के साथ राजमहल गया। राजमहल में राजा ने चंद्रगुप्त को पिंजरे में बैठे शेर को बिना पिंजरा खोले बाहर निकालने की चुनौती दी। चंद्रगुप्त समझदार था। उसने लोहे की दो गरम सलाखें मँगाईं और उनसे शेर को पिघला दिया और चुनौती जीत ली।

**बच्चे कहानी समझने का प्रयास करेंगे और कक्षा में सुनाएँगे। साथ में कहानी से प्राप्त होने वाली शिक्षा भी लिखेंगे।**

**2. चित्र को देखिए और संकेतों को पढ़कर कहानी लिखिए।**

**एकता में बल है**

एक नदी में बड़ा-सा मगरमच्छ था। वह रोज़ मछलियों को मारकर खा जाता। सभी मछलियाँ डर के मारे इधर-उधर भागतीं। इस तरह धीरे-धीरे मछलियाँ समाप्त हो रही थीं। सभी मछलियों ने मिलकर मगरमच्छ से मुकाबला करने का फ़ैसला लिया।

एक दिन जैसे ही मगरमच्छ मछलियों को खाने आया वैसे ही मछलियों ने उस पर चारों तरफ़ से वार करना शुरू कर दिया। किसी ने उसकी पूँछ मुँह में दबाई तो किसी ने उसका खुला जबड़ा पकड़ लिया। एक ने उसकी पीठ पर वार करना शुरू कर दिया। एक बड़ा-सा मगरमच्छ एकसाथ छोटी-छोटी मछलियों से मुकाबला नहीं कर पाया। उनको लगातार वार करता देख मगरमच्छ डरकर नदी से भाग गया। इस तरह बहादुर मछलियों ने मिलकर अपने जीवन की रक्षा की।

**शिक्षा** – मिल-जुलकर बड़े से बड़े संकट को टाला जा सकता है।

# 25. चित्र-वर्णन

## देखें कितना सीखा

❖ **नीचे दिए गए चित्रों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।**

**1. बारिश का दिन**



यह चित्र बारिश के दिन का है। तेज़ वर्षा हो रही है। बच्चे घर से बाहर मैदान में बारिश में भीगने का आनंद ले रहे हैं। एक लड़का कागज़ की नाव पानी में तैरा रहा है। एक लड़का छतरी लेकर बारिश में खड़ा है। उसके साथ एक लड़की पानी में छपाक करती हुई कूद रही है। आसमान में इंद्रधनुष निकल आया है। दो बच्चे इंद्रधनुष को देखकर खुश हो रहे हैं।

**2. विद्यालय का खेल दिवस**



यह एक विद्यालय का चित्र है। विद्यालय में खेल दिवस मनाया जा रहा है। विद्यालय के खेल के मैदान में तरह-तरह के खेल खेले जा रहे हैं। कुछ बच्चे फुटबॉल खेल रहे हैं। दो लड़कियाँ बैंडमिटन खेल रही हैं। एक ओर कुछ बच्चों की बोरी दौड़ हो रही है। कुछ बच्चे खड़े हुए अन्य बच्चों को खेलते हुए देख रहे हैं। शिक्षक भी जगह-जगह पर खड़े हुए हैं। वे बच्चों को खेल खिलाने के साथ-साथ उनकी सावधानी का ध्यान भी रख रहे हैं।

## 3. बगीचे में पौधारोपण



यह चित्र एक बगीचे का है। बगीचे में पौधे लगाए जा रहे हैं। बगीचे में कुछ बच्चे, दादा जी और माली काका दिखाई दे रहे हैं। एक लड़की पौधों में पानी दे रही है। दो लड़के मिट्टी में पौधे लगा रहे हैं। माली काका उनकी मदद कर रहे हैं। दादा जी बच्चों को अच्छा काम करते देखकर खुश हो रहे हैं।